संख्या-104/2025/I/943146/2025/71-1001/178/2020

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 **लखनऊः दिनांक 24 अप्रैल, 2025**

विषयः-वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज में भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित एम0आर0यू0 लैब की स्थापना हेतु आवश्यक उपकरणों का क्रय किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-एम0ई0/पर्चेज/2024-25/17, दिनांक 04.04.2025 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य एवं अनुसंधान विभाग के पत्र संख्या-आर0/11011/05/2022-एच0आर0 (एम0आर0यू0) (टी0ई0सी0-2022), दिनांक 27.03.2023 द्वारा "स्वास्थ्य अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढ़ाचे के विकास" योजना के अंतर्गत राजकीय मेडिकल कालेज कन्नौज में Multi Disciplinary Research Unit (MRU) लैब स्थापित किये जाने हेतु अवमुक्त धनराशि रू0 100.00 लाख के सापेक्ष आवश्यक उपकरणों की सूची उपलब्ध कराते हुए क्रय किये जाने हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज में भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित एम0आर0यू0 लैब की स्थापना हेतु संलग्न विवरण के अनुसार (कुल लागत रू0 100.00 लाख) उपकरणों के क्रय की अनुमति निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान की जाती है:-

नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों-

1. उपकरणों/फर्नीचर की गुणवत्ता, मानक के अनुसार निर्धारित करते हुये आपूर्ति प्राप्त किये जाने का दायित्व संबंधित प्रधानाचार्य का होगा।
2. उपकरणों/फर्नीचर के क्रय हेतु उ0प्र0 शासन द्वारा निर्गत सुसंगत नियमों व शासनादेशों एवं यू0पी0 प्रोक्योरमेन्ट एण्ड गुड्स मैनुअल, 2016 में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
3. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-57/2024/18-2-2024-97(ल0उ0)/2016, दिनॉक 26.11.2024 में दिए गए दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

4. सुसंगत नियमों और प्राविधानों का पालन करते हुये पारदर्शी प्रक्रिया के तहत आवश्यक और और उपयोगी उपकरण/फर्नीचर क्रय किये जायें। सभी उपकरणों की विशिष्टियों, गुणवत्ता, नियमानुसार युक्तिसंगत दरों के निर्धारण के साथ सम्बन्धित फर्म की शुचिता व उसका आडिट कराने आदि की जिम्मेदारी क्रय करने वाली संस्था एवं महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा की होगी।
5. भारत सरकार के उक्त पत्र संख्या-आर0/11011/05/2022-एच0आर0 (एम0आर0यू0) (टी0ई0सी0-2022), दिनांक 27.03.2023 तथा योजना की गाइड लाइन में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।
6. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांक 27.03.2025 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

संलग्नक-यथोपरि।

भवदीय,

मनोज कुमार सिंह
संयुक्त सचिव।

संख्या-तद्दिनांक, उपर्युक्तानुसार ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. उप सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली को उनके पत्र संख्या-आर0/11011/05/2022-एच0आर0 (एम0आर0यू0) (टी0ई0सी0-2022), दिनांक 27.03.2023 के संदर्भ में।
3. वित्त नियंत्रक, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
4. प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज।
5. वित्त नियंत्रक, राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज।
6. नियोजन अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
7. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
मनोज कुमार सिंह
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संलग्नक-

O	उपकरण का नाम	क्रय की आवश्यक मात्रा	प्रति नग अनुमानित मूल्य(5 वर्ष की वॉरेंटी की साथ)	कुल अनुमानित मूल्य(5 वर्ष की वॉरेंटी की साथ)	तकनीकी विशिष्टया का शासनादेश दिनांक	तकनीकी विशिष्टया उपलब्ध/ अनुपलब्ध	विशिष्टयों के सापेक्ष ओईएम के नाम एवं संख्या	अनुमानित मूल्य का आधार(साक्ष्य)
1	Biosefety Cabinet II-A2	2	900,000.00	1,800,000.00	7/12/2022	उपलब्ध	Thermolab,GENIST, Thermo Scientific	जेम पोर्टल
2	Real Time PCR	1	2,000,000.00	2,000,000.00	7/12/2022	उपलब्ध	Applied Biosystems, Bio-Rad, Insta-Q96	जेम पोर्टल
3	Ultrapure Water Purification System	1	552,000.00	552,000.00	7/12/2022	उपलब्ध	Milli-Q, Thermo Scientific, IONEXCHANGE	जेम पोर्टल
4	(-20º) Deep Freezer	1	400,000.00	400,000.00	7/12/2022	उपलब्ध	Thermo Scientific, Lab solution India, BLUE STAR	जेम पोर्टल
5	Ultra Low deep Freezer (-80º)	1	985,000.00	985,000.00	7/12/2022	उपलब्ध	Thermo Scientific, Trufrost, Thermo Fisher Scientific	जेम पोर्टल
6	Water Bath	1	90,000.00	90,000.00	7/12/2022	उपलब्ध	CREATIVE LAB WORLD,Khosla scientific, Ambinova	जेम पोर्टल
7	Horizontal Gel Electrophoresis system	1	150,000.00	150,000.00	7/12/2022	उपलब्ध	Thermo Scientific, Analytik Jena , Bio Rad	जेम पोर्टल
8	Gel Doc System	1	900,000.00	900,000.00	7/12/2022	उपलब्ध	INVITROGEN, Bio Rad, Syngene	जेम पोर्टल
9	Electronic Weighing Balance	1	280,000.00	280,000.00	7/12/2022	उपलब्ध	Ocean life sciences, APOLO SCALES , Borosil	जेम पोर्टल
10	Vortex Mixer	2	41,000.00	82,000.00	7/12/2022	उपलब्ध	TARSONS, Thermo Scientific, REMI	जेम पोर्टल
11	Table top mini Centrifuge/ Quick spin	2	126,000.00	252,000.00	7/12/2022	उपलब्ध	REMI, TARSONS, Neuation	जेम पोर्टल
12	Adjustable Volume Single channel pipette	7	54,000.00	378,000.00	7/12/2022	उपलब्ध	Thermo Fisher Scientific, GENAXY , eppendorf	जेम पोर्टल

http://shasanadesh.up.nic.in

13	Adjustable Volume Multichannel pipette	1	87,000.00	87,000.00	7/12/2022	उपलब्ध	Corning, GENAXY , eppendorf	जेम पोर्टल
14	Hot Air Oven	1	300,000.00	300,000.00	7/12/2022	उपलब्ध	CREATIVE LAB WORLD, M K SCIENTIFIC INSTRUMENTS, BioGene	जेम पोर्टल
15	Refrigerated Microcentrifuge	1	804,000.00	804,000.00	7/12/2022	उपलब्ध	Neuation, eppendorf, BENCHTOP EQUIPMENT INC.	जेम पोर्टल
16	Non Refrigerated Microcentrifuge	1	230,000.00	230,000.00	7/12/2022	उपलब्ध	eppendorf, Neuation, WESWOX OPTIK	जेम पोर्टल
17	Autoclave	1	400,000.00	400,000.00	7/12/2022	उपलब्ध	SN Solutions, CREATIVE LAB WORLD, SMSIPL	जेम पोर्टल
18	Refrigerator	2	155,000.00	310,000.00	7/12/2022	उपलब्ध	godrej, Voltas, ROCKWELL	जेम पोर्टल
	TOTAL		8,454,000.00	10,000,000.00				

मनोज कुमार सिंह
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in